राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0/1019/2022 दिनांकः— 27अगस्त, 2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विषयः— बी0एड0, एल0एल0बी0 एवं बी0ए0एल0एल0बी0 के परीक्षा शुल्क के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया विश्वविद्यालय के पत्र संख्या आर0एम0पी0यू0 / 829 / 2022 दिनांकः— 21जुलाई, 2022 का संदर्भ ग्रहण करें। जिसमें 05 अगस्त, 2022 तक भरे गये परीक्षा फार्मो का परीक्षा शुल्क दिनांक 08 अगस्त, 2022 तक जमा करने का निर्देश दिया गया था।

परन्तु कतिपय महाविद्यालयों द्वारा यथातिथि तक उक्त पाठ्यक्रमों का परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि बी0 एड0, एल0एल0बी0 एवं बी0ए0एल0एल0बी0 की परीक्षाएं दिनांक 03 सितंबर, 2022 से प्रारम्भ हो रही है। ऐसी स्थिति में परीक्षा शुल्क जमा न किया अत्यन्त खेदजनक है।

मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार निर्देशित किया जाता है कि परीक्षा शुल्क दिनांक 29 अगस्त, 2022 की सायं 05:00 बजे तक महाविद्यालय लॉगिन के माध्यम से आनलाईन मोड में अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करें अन्यथा परीक्षा में सम्मिलित किया जाना संभव नहीं है।

भवदीय,
27/8/22
(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. वित्त अधिकारी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेब साइट पर अपलोड करें।
4. सम्पादक समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक जागरण पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
5. गार्ड फाईल।

सहा0 कुलसचिव

V letter